दिनांक : 10.07.2019 को **अलीगढ़ कालेज आफ एजूकेशन** में **प्रातः 11 बजे** डायट प्राचार्य **डा० आई० पी० एस० सोलंकी** की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में उन सभी कालेजों ने हिस्सा लिया जहाँ डी० एल० एड० (बी० टी० सी०) पाठ्यक्रम चल रहा है। इस बैठक का प्रारंभ अलीगढ़ कालेज आफ एजूकेशन के निदेशक **प्रोफेसर एम० मुकीम** के स्वागत अनुभाषण द्वारा हुआ। तदोपरांत डायट प्राचार्य के निर्देशानुसार ज्ञान एवं विवेकानंद कालेज के शिक्षकों द्वारा विज्ञान एवं गणित के शिक्षण की मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया।

इसके बाद अलीगढ़ कालेज आफ एजूकेशन की प्राचार्या **डा० सदफ जाफरी** ने अलीगढ़ कालेज आफ एजूकेशन के मुख्य उद्देशय एवं सत्र 2018–19 में हुई विभिन्न गतिविधियों एवं प्रोग्राम पर पावर पाईन्ट प्रिजेन्टेशन द्वारा प्रकाश डाला। इसके बाद स्काउट गाइड (असिस्टेन्ट कमिश्नर) अलीगढ़ मन्डल **नौशाद अली सिद्दीकी** द्वारा इस बात पर प्रकाश डाला गया कि किस प्रकार स्काउट गाइड देश को लीडर प्रदान करता है और यह लीडर समाज के लिये कितने उपयोगी होते हैं। उन्होंने "कर के सीखने" पर बल दिया। इसके बाद मुख्य अतिथि **डा० आई० पी० एस० सोलंकी** नें पूरे मण्डल के कालेजों में लागू किये गये 20 मिनेट एकस्ट्रा इनपुट क्लासेस से हो रहे फायदों से अवगत कराया। उनहोंने डी० एल० एड० कोर्स के शिक्षा स्तर को और उपयोगी एवं प्रभावशाली कैसे बनाया जाये इस विषय पर चर्चा की।

आगे होने वाली डायट की बैठक में उन्होंने हर डी० एल० एड० कालेज के बेस्ट शिक्षक द्वारा प्रिजेन्टेशन कराने का सुक्षाव भी रखा । प्राचार्य का मानना है कि इस प्रकार से हम डी० एल० एड० की शिक्षा प्रणाली में हो रहे नये इन्नोवेशंस से परिचित हो सकेंगे एवं इस माध्यम से सभी शिक्षक एक दूसरे से सीख सकेंगे और इस पाठ्यक्रम को नई तकनीकों द्वारा और मज़बूत एवं उपयोगी बना पायेंगे। उनहोंने टापर छात्र छात्राओं को समय समय पर सम्मानित करने और उनका मनोबल बढाने हेतू कार्य करने को कहा। साथ में शिक्षकों को निर्देश दिये कि वह साप्ताह में एक बार प्रशन बैंक सोल्व करायें ताकि डी० एल० एड० के प्रशिक्षुओं की परिक्षा की अच्छी तय्यारी हो सके। बैठक के अंत में अलीगढ़ कालेज आफ एजूकेशन नें अपनी परंपरा अनुसार मुख्य अतिथि **डा० आई० पी० एस० सोलंकी** सर को पौधा एवं मोमेनटो देकर सम्मानित किया साथ में डायट लेकचरार **श्री मोहम्मद मुनीश** एवं **श्री नौशाद अली सिद्दीकी** साहब को भी पौधे देकर सम्मानित किया गया।

ALIGARH COLLEGE
OF
EDUCATION
Welcomes
to
Dr. I.P.S. Solanki (Principal DIET)
and all Principals /HoDs
of D.El.Ed. Colleges
meeting
held on 10/07/2019 at 10:30 am

ARH COLLEGE
OF
DUCATION
to
S. Solanki
:30 am

ALIGARH COLLEGE
OF
EDUCATION
Welcomes
to
Dr. I.P.S. Solanki (Principal DIET)
and all Principals /HoDs
of D.El.Ed. Colleges
meeting
on 10/07/2019 at 10:30 am
SIR SYED
AUDITORIUM
ACEM
&
ACE
SHOT ON REDMI NOTE5 PRO
MI DUAL CAMERA

ALIGARH COLLEGE
OF
EDUCATION
Welcomes
to
Dr. I.P.S. Solanki (Principal DIET)
and all Principals /HoDs
of D.El.Ed. Colleges
meeting
SHOT ON REDMI NOTE5 PRO
MI DUAL CAMERA